हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025



## खबर संक्षेप

### युवक से 18 पौवा गोवा शराब बरामद, गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** शराब की तस्करी एवं अवैध रूप से बिक्री के मामले में पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत युवक से 18 पौवा गोवा शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 4 जून को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अवैध रूप से ग्राम खैरी मोड जीई रोड के पास काला रंग के बैग में शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी गंगाप्रसाद साहू 31 वर्ष निवासी ग्राम सिवनीखुर्द बोदेला पुलिस चौकी तुमडीबोड को अभिरक्षा में लेकर गवाहों की उपस्थिति में वैधानिक कार्रवाई करते आरोपी के कब्जे से एक काला रंग के बैग में रखे 18 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी व्हीस्की शराब कीमती 2160 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए कुल जुमला 2360 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध 34(ए) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### 8 साल पहले धोखाधड़ी आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** थाना डोंगरगांव के 8 वर्ष पुराने धोखाधड़ी के प्रकरण में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2017 में दर्ज धोखाधड़ी के अपराध के फरार आरोपी रामधनीराम विश्वकर्मा 33 साल पता ग्राम झारगांव पोस्ट कस्तुरा थाना दुलदुला जिला जशपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

### फरार मवेशी तस्कर पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मवेशी तस्करी के मामले में मौके से फरार मवेशी तस्कर को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 अप्रैल को राजनांदगांव की ओर से बोलेरो पिकअप वाहन में चालक द्वारा मवेशियों को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरकर परिवहन करते कत्लखाना काकोडी महाराष्ट्र की ओर ले जा रहा था। घटना दिनांक को एक आरोपी नाम आकाश भारती उर्फ आसू 24 वर्ष वार्ड क्रमांक 2 नवागांव बजरंगपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। घटनास्थल से एक आरोपी गुलशन साहू उर्फ राजू घटना दिनांक को फरार हो गया था, जिसे काफी प्रयास एवं पुलिस की सतर्कता से आरोपी गुलशन साहू उर्फ राजू को उसके निवास स्थान ग्राम रिंगनी थाना पुराना भिलाई जिला दुर्ग से घेराबंदी कर पकड़कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## माय एंगल




# जिपं सदस्यों का निष्कासन प्रस्ताव पड़ा भारी, ब्लॉक अध्यक्ष निष्कासित

## पीसीसी ने आदेश जारी कर डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को 6 साल के लिए निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीमा रेखा लांघकर दो जिला पंचायत सदस्यों को छह साल के लिए निष्काषित करने का प्रस्ताव डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन साहू को भारी पड़ गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक अध्यक्ष को ही छह साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। यह फैसला विधायक और उनके समर्थकों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि विधायक दलेश्वर साहू की मौजूदगी में बीते दिनों डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में मौजूद कांग्रेसजनों ने सीमा लांघते हुए ऐसा प्रस्ताव कर डाला था, जो उनके अधिकार क्षेत्र के बाहर था। ब्लॉक कांग्रेस ने दो जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव और विभा साहू जिन्हें पीसीसी ने कांग्रेस का हिस्सा मानते हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया था, को छह साल के लिए निष्कासित करने का प्रस्ताव कर दिया था।

### अन्य नेता भी निशाने पर

पता चला है कि पीसीसी ने निष्कासन के मामले को काफी गंभीरता से लिया है और निर्णय के दौरान मौजूद नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश जिला कांग्रेस कमेटी को दिया है। जानकारी के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से कार्रवाई का पूरा विवरण मांगा है। संभावना है कि प्रस्ताव रखने वाले और उसका समर्थन करने वाले भी निकट भविष्य में कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।


चेतन साहू
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

### कांग्रेस संगठन में हड़कंप

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तीखे रूख के बाद संगठन में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि डोंगरगांव ब्लॉक में पहला मौका है, जब किसी अध्यक्ष को छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। बताया जाता है कि संगठन के चरमराते ढांचे को देखते हुए पीसीसी ने कड़ा फैसला लेकर सीधे तौर पर यह संदेश देने का प्रयास किया है कि स्वेच्छाचारिता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जवाब से असंतुष्ट

मामला तूल पकड़ने के बाद पार्टी की छवि तार तार होते देखकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन साहू को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों में जवाब मांगा था। श्री साहू के जवाब के संतोषप्रद नहीं होने के बाद प्रदेश इंका अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन साहू को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। इस आशय का आदेश पीसीसी के महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने 5 जून को जारी किया।

### विधायक पर हो कार्रवाई

पूरे घटनाक्रम से साफ है कि इससे विधायक की भी सहभागिता रही है। प्रदेश संगठन को विधायक से भी जवाब-तलब करना चाहिए। - **विभा साहू,** जिपं सदस्य

## खाद नहीं मिलने से किसानों के चेहरे मायूस, ढूंढ रहे वैकल्पिक रास्ता

# खाद संकटः डीएपी मांग के मुकाबले 10% ही पहुंची, पोटाश-यूरिया की भी किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जून महीने का पहला सप्ताह शुरू हो चुका है। किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में किसान सहकारी समितियों में खाद लेने भी पहुंच रहे हैं, परन्तु खाद की किल्लत के कारण किसानों को खाली हाथ ही लौटना पड़ रहा है। सर्वाधिक कमी डीएपी खाद को लेकर है। अब तक जिले में महज 462 मीट्रिक टन ही डीएपी खाद का वितरण हो पाया है। यह कुल भंडारण लक्ष्य का दस फीसदी भी नहीं है। इस बार 11 हजार मीट्रिक टन भंडारण का टारगेट तय है। किल्लत केवल डीएपी को लेकर नहीं है, बल्कि यूरिया, पोटाश और एनपीके को लेकर भी पिछले साल के मुकाबले भंडारण बेहद कम है।

उल्लेखनीय है कि खाद संकट से परेशान किसानों ने बीते दिनो सुशासन तिहार के तहत खैरागढ़ जिले में आयोजित समाधान शिविर के दौरान सीएम विष्णुदेव साय के सामने भी अपनी स्थिति बयां की थी। नारेबाजी कर किसानों ने खाद संकट को सुलझाने की मांग सीएम के सामने रखी थी। दरअसल किसानों को सहकारी समितियों में खाद नहीं मिलने से उनकी खुले बाजार पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। बाजार में डीएपी सहित सभी खाद के लिए किसानों को मजबूरन अधिक दाम चुकाने पड़ रहे हैं। किसानों का कहना है कि सहकारी समितियां खाद उपलब्ध होने से उन्हें सहुलियत होती है, किन्तु बाजार से खरीदी करने पर उनकी लागत में भी वृद्धि हो रही है।

### खास बातें

- 11 हजार टन डीएपी खाद की किसानों को आवश्यकता
- खाद के साथ बीज का भी टोटा



### केवल सुफर फास्फेट ही पर्याप्त

अविभाजित जिले में खरीफ फसल के लिए डीएपी की सर्वाधिक दिक्कतें सामने आई है। इस वर्ष 11000 टन डीएपी भंडारण का लक्ष्य तय किया गया है। जिसके मुकाबले अब तक 875 टन ही भंडारण हो पाया है। ऐसे ही 20500 टन यूरिया खाद का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन सिर्फ 4723 टन यूरिया का भंडारण किया गया और 2072 टन का वितरण किसानों को किया गया। इसी तरह 5300 टन सुपर फास्फेट की जरूरत है, लेकिन 696 टन का वितरण किया गया। वहीं 2970 टन पोटाश की जरूरत है, लेकिन 423 टन का वितरण किया गया।

### केवल धान बीज का वितरण

इधर बीज लेने सहकारी समितियां पहुंच रहे किसानों को केवल धान का ही बीज मिल पा रहा है। सोयाबीन या किसी अन्य फसल के लिए बीज का भंडारण ही नहीं किया गया है। राजनांदगांव जिले में अब तक 1172 क्विंटल धान बीज, खैरागढ़ जिले में 571 क्विंटल, मोहला-मानपुर जिले में 353 क्विंटल एवं कवर्धा जिले में 465 क्विंटल धान बीज का वितरण किसानों को कर दिया गया है।

### 1.72 लाख हेक्टयेर में धान फसल

मिली जानकारी के अनुसार इस बार खरीफ सीजन में राजनांदगांव जिले के अतंर्गत 172600 हेक्टेयर में धान फसल ली जाएगी। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में 91930 हेक्टेयर एवं मोहला-मानपुर जिले में 81930 हेक्टेयर में धान की खेती किसानों द्वारा होगी। वहीं अन्य फसल की बात करें तो राजनांदगांव जिले में 11800 हेक्टेयर, खैरागढ़ जिले में 16705 हेक्टेयर एवं मोहला-मानपुर जिले में 3827 हेक्टेयर रकबे में धान के अलावा अन्य फसल ली जाएगी।

# डामरीकरण में देरी, मंडी में दुकानों का घटिया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में करोड़ों रुपए का निर्माण कार्य प्रगति पर है, लेकिन इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यहां लगभग 50 दुकानों के साथ सड़क निर्माण कार्य भी किया जाना है।



कृषि उपज मंडी में लगभग 6 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से अलग-अलग कार्यों के लिए चार ठेकेदारों को काम दिया गया है। कृषि उपज मंडी में प्रवेश द्वार से लेकर एफसीआई गोदाम तक सड़क का निर्माण कार्य भी किया जाना है। कृषि उपज मंडी में दुकान निर्माण का कार्य चल रहा है।

यह निर्माण कार्य गुणवत्ताविहीन दिखाई दे रही है।कृषि उपज मंडी में निर्माण कार्य के दौरान भर्राशाही की शिकायतें भी विभाग तक पहुंच रही है, लेकिन संबंधित एसडीओ द्वारा भी सतत निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। वहीं दुकानों के निर्माण में भी नियमों के अनदेखी किए जाने की शिकायतें सामने आई है।

### तकनीकी इंजीनियर की अनदेखी

बताया जा रहा है कि कृषि उपज मंडी में सब्जी बाजार क्षेत्र में 30 दुकान और अनाज मंडी क्षेत्र में 20 दुकानें बनाई जा रही है। वहीं सुलभ शौचालय का निर्माण भी किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है। निर्माण कार्य के दौरान मौके पर तकनीकी इंजीनियर द्वारा कार्यों की अनदेखी की जा रही है।

### सड़क निर्माण में देरी

कृषि उपज मंडी में लंबे समय बाद विकास कार्य किया जा रहा है। ऐसे में इस मंडी परिसर में कार्यों की गुणवत्ता काफी आवश्यक है, लेकिन जो निर्माण कार्य मौके पर दिखाई दे रहा है, उसमें गुणवत्ता को लेकर सवाल है। वहीं निर्माण कार्य भी काफी धीमी गति से चल रहा है। यहां अब तक सड़क का डामरीकरण शुरू नहीं हुआ है। वहीं सीसी रोड जर्जर होकर उखड़ रही है।

## 15 अप्रैल से फरार था आरोपी

# मवेशी तस्कर का फरार आरोपी डेढ़ महीने बाद दुर्ग से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मवेशी तस्करी के मामले में मौके से फरार मवेशी तस्कर को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 अप्रैल को राजनांदगांव की ओर से बोलेरो पिकअप वाहन में चालक द्वारा मवेशियों को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरकर परिवहन करते कत्लखाना काकोडी महाराष्ट्र की ओर ले जा रहा था। घटना दिनांक को एक आरोपी नाम आकाश भारती उर्फ आसू 24 वर्ष वार्ड क्रमांक 2 नवागांव बजरंगपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था।



### घेराबंदी कर पकड़ा गया

घटनास्थल से एक आरोपी गुलशन साहू उर्फ राजू घटना दिनांक को फरार हो गया था, जिसे काफी प्रयास एवं पुलिस की सतर्कता से आरोपी गुलशन साहू उर्फ राजू को उसके निवास स्थान ग्राम रिंगनी थाना पुराना भिलाई जिला दुर्ग से घेराबंदी कर पकड़कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## तीन से चार दिन बाद एक्टिव हो सकता है मानसून, बदलेगा मिजाज


# मानसूनी हवाओं के कमजोर होने से थमा बारिश का दौर, चढ़ने लगा तापमान, 40 के करीब पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समय से पहले पहुंचने वाला मानसून पिछले कुछ दिनों में कमजोर पड़ गया है। अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाओं के कमजोर होने से मानसून की गतिविधियां थम गई है। अगले तीन से चार दिनों तक इसमें बहुत अधिक बदलाव होने की स्थिति नहीं दिखाई दे रही है।

मानसून के कमजोर होने का सीधा असर तापमान में देखने को मिल रहा है। बारिश थमने से अंचल का अधिकतम पारा लगातार चढ़ने लगा है। गुरुवार को अंचल का अधिकतम तापमान 38 डिग्री के करीब रहा। अगले कुछ दिनों में इसमें 3 से 4 डिग्री तक वृद्धि के आसार हैं। वहीं देर रात तक गर्म हवाएं चलने से उमस ने लोगों को हलाकान कर दिया है। हालांकि गुरुवार को अंचल के कुछ इलाकों में हल्की बारिश देखने को मिली है।

मौसम विभाग से जारी बुलेटिन के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसूनी हवाएं कमजोर होने के कारण तापमान बढ़ने लगा है और बारिश की संभावना कम दिख रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिनों में बारिश के आसार नहीं है और तापमान में 4 डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है।



### मई में रिकार्ड तोड़ बारिश, जून में सूखा

ज्ञात हो इस बार प्रदेश में मानसून ने 28 मई को ही अपनी दस्तक दे दी थी। मानसून के पहुंचने से पहले ही अंचल में भी बारिश का दौर देखने को मिला, मई महिने में सामान्य से काफी अधिक बारिश दर्ज की गई, परन्तु जून की शुरुआत से मानसून रुठ गया है। बारिश का दौर थमा हुआ है।

### ऐसा रहेगा मौसम का हाल

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल को एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं कमजोर होने के कारण मानसून की गतिविधि आगे नहीं बढ़ रही है। अगले चार से पांच दिनों में स्थिति यही बने रहने की संभावना है ।









## खबर संक्षेप



### बच्चों की तरह करें बुजुर्गों की सेवा

**टाटेकसा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चारभाटा में दाई बबा दिवस मनाया गया। जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू एवं सरपंच अनिता अहिरवार का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि जिस तरह हम बच्चों का लालन पालन दिल से करते है उसी प्रकार दाई बबा की सेवा करना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 70 साल के लोगो के लिए आयुष्मान कार्ड योजना शुरू किया है जिसमें पांच लाख तक फ्री में इलाज होगा। शिविर में 72 लोगो का मधुमेह, बीपी, शुगर ,नेत्र का चेक किया गया। इस दौरान डॉ टीएल देवांगन, नेत्र सहायक सौरभ यादव, राकेश सिन्हा, निर्मला कोर्राम आदि मौजूद थे।

### नृत्य का निःशुल्क प्रशिक्षण



**टेड़ेसरा।** इंदावानी में गत दिनों दस दिवसीय निःशुल्क नृत्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन मोर भंवरा डांस परिवार के संचालक करण कुमार साहू की मौजूदगी में हुआ।समापन की मुख्य अतिथि सरपंच पुष्पा बंजारे,जनपद सदस्य वेदना देशमुख, विशेष अतिथि पूरन लाल साहू, नरसिंह यादव, जोहन यादव, कमलेश साहू, दीना प्रसाद, सेवाराम साहू थे। इस मौके पर आयोजन समिति के निखिल साहू, रामावतार साहू, तीरथ यादव, सीमा साहू, नागेश साहू ,पोषण यादव, केदार साहू, महेश सोनवानी, लेखराम साहू, नागेश यदु, कीर्तन साहू, संतोष यदु, सुरेश यादव आदि मौजूद थे। यह जानकारी निखिल साहू ने दी।

### आईटीबीपी ने किया पशुओं का उपचार



**कलकसा।** ग्राम पंचायत कंहारगांव में आइटीबीपी के कमांडेंट तेजभान सिंह के मार्गदर्शन में विगत दिनों पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुओं की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरण किया गया। शिविर में डॉ अमित पांडे, हेमंत तिवारी, सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग शुरू



**टेड्सरा।** अखिल भारती विद्या भारती सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति बिलासपुर की योजनानुसार जिला ग्राम भारती राजनांदगांव के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर टेड़ेसरा ने हाईस्कूल में नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता सहदेव राम साहू ने की। विशेष अतिथि रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, आरपी द्विवेदी थे। इस मौके पर कार्यक्रम में खिलेश्वर साहू, अंगद साहू, गोपी देशमुख, ठरवेतन साहू, अनिल साहू, जमुना साहू, डोमन देशमुख, रेमन देशमुख, बल्देव साहू, बुंदा वर्मा, पूनमचंद साहू, धनीराम यादव, डामन जोशी, भगवानदास साहू, भूषण गजेंद्र, उमा सिन्हा, मीरा चंदेल मौजूद थे। अतिथियों ने सरस्वती शिशु मंदिर की योजना की विस्तार से जानकारी दिया।







## विश्व पर्यावरण दिवस पर गांव-गांव में लगाए गए पौधे, लिया सुरक्षा का संकल्प

# धरती को हराभरा करने लोगों ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न शासकीय संस्थाओं, पंचायतों और जनता ने बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया। वन विभाग गंडई से प्राप्त फलदार, आयुर्वेदिक और छायादार पौधों को अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और जनता ने उत्साहपूर्वक रोपित किया। वन मंडल गंडई ने जीराटोला और मानपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में पौधों का रोपण किया।इस अभियान में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकर, जनपद सदस्य और सरपंचों ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ पौधों का रोपण किया। इस दौरान वन मंडल गंडई के रेंजर संजीत मरकाम , डिप्टी रेंजर शुशर्मा चनाप सहित अन्य मौजूद थे। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत चकनार के स्वास्थ्य केंद्र, अन्य शासकीय संस्थाओं और तालाब के किनारे 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच वंदना लालचंद पटेल, स्वास्थ्य कर्मचारी चित्रलेखा नामदेव, भैरव साहू, रूपसिंह पटेल, पुनिता ठाकुर, सुमित्रा साहू, सानिया खान, यशोदा निषाद, सुनीति मिर्जा, तीरथ दुबे सहित 30 से अधिक महिला-पुरुष शामिल हुए। गंडई के पीएम श्री सेजेस स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया। इस दौरान प्राचार्य पवन कुमार ददरया, जसबीर सिंह, युगलकिशोर ताम्रकार, आशीष ताम्रकार, व्हीएन नागेन्द्र, जीवनलाल देवांगन, दिलीप कुमार शर्मा, महेश सिंह ठाकुर, व्यासनारायण रत्नाकर, राकेश रोशन शर्मा, रामकुमार केंवट, मनिज दास, देवेन्द्र वासनिक, सुरभि उइके, किरण ठाकुर, आशुतोष देवांगन, दुर्गेशकुमार सेन, शुभमसिंह, हेमंत कुमार, ममता सोनी, दिव्या श्रीवास्तव, महिमा गढ़वाल ने भी पौधरोपण किया।

### स्वच्छता दीदियों ने ली शपथ

नगर के मणिकंचन केंद्र परिसर में भी पौधरोपण किया गया। यहां नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, पार्षद दिलीप ओगरे, अमन सोनी, मोहसिन खान और रवि जायसवाल ने फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री खुसरो ने मणिकंचन केंद्र की स्वच्छता दीदियों को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने जोर देकर कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है।यहां स्वच्छता दीदियों, नगर पंचायत के कर्मचारी और प्रेस क्लब के सदस्यों ने विभिन्न किस्म के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के बाद स्वच्छता दीदियों ने शौचालय मरम्मत के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष को आवेदन सौंपा। इस दौरान इंजीनियर लोकेश शर्मा, मणिकंचन केंद्र की राखी खान, संजू देवांगन, गायत्री देवांगन, शिव ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

**सोमनी।** ग्राम पंचायत सोमनी में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी मौजूद लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान सरपंच नीलिमा साहू, शिवा साहू, गोविंद साहू, प्रताप सिंह, रोजगार सहायिका सरोज पटेल, नरोत्तम बंजारे एवं बड़ी संख्या महिलाएं उपस्थित थी।

**अर्जुनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्राथमिक शाला सुखरी में प्रधान पाठक सपना भरतद्वाज, शिक्षिका सरस्वती साहू, सरपंच सुरेन्द्र गोस्वामी, उपसरपंच माहेश्वरी निषाद, अंजू साहू, अनिता साहू, डगेश्वर साहू, लक्ष्मी नारायण, शरद, पुष्पवाहिनी, संध्या, डाली, दीपक,हेमंत, परम और बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण किया। शाला परिसर में सभी ने केला, जामुन, नीम, आम, के पौधे लगाए। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

**चिचोला।** गुरूवार को स्कूली बच्चों ने बस स्टैण्ड में पौधे रोपे। बच्चों ने पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए आम, जाम, बेल के पौधे लगाए। इस मौके पर कक्षा 7 वी के मांशु सिन्हा ने कहा कि हमारे लिए पेड़ बहुत उपयोगी है। प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए।

**डोंगरगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बीजाभाठा में मनरेगा के मजदूरों ने पौधरोपण किया। इस मौके पर सरपंच, उपसरपंच,पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। इसी क्रम में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल , पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता , पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, पूर्व पार्षद हेमंत चोपड़ा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अरूण जैन, अम्बेडकर महाविद्यालय के सदस्य महेश्वर साहू, प्राचार्य बीएल देवांगन, श्री गणवीर, श्री साहू सहित छात्र छात्राओं ने पौधे रोपे। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालय एवं नगर में वृहद पौधरोपण किया गया। पौधरोपण अंतर्गत छायादार, औषधीय, फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर हृदयराम पटेल, युगल किशोर ठाकुर, जितेंद्र वैष्णव, अनमोल पगारे, केशव पटेल उपस्थित थे।

### सेना को सम्मान देते रोपा सिंदूर का पौधा

**जेवरतला रोड।** ग्राम मुजगहन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। ग्राम स्वच्छता समिति की आयोजित बैठक में सरपंच नीरा हिरवानी एवं पंच रुखमनी सिन्हा का स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने, साफ पानी का उपयोग करने का संकल्प लिया। इस दौरान बबली साहू, देवकला सिन्हा, योगिता साहू, पूर्णिमा साहू, सेवती ठाकुर, देवन ठाकुर, पदमा साहू, हेमीन सिन्हा आदि उपस्थित थे। इसी क्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरतला रोड में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत स्काउट गाईड, शाला समिति के अध्यक्ष जयपाल साहू , चंद्रहास चापिरा, जैतराम साहू, टेमन हिरवानी, घसियाराम साहू, एनकुमार साहू, मेघनाथ साहू, शमलू साहू, प्रभारी प्राचार्य रामजी लाल ध्रुवे, व्याख्याता धनगुन, श्री देशमुख, वर्मा मेम, महेश्वर मेम, देहारी मेम की उपस्थिति में मिशन लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट के थीम पर प्लास्टिक मुक्त ग्राम पर चर्चा किया गया। इस दौरान बादाम, कदम, आम, करंज, और सिंदूर के पौधे का रोपण किया गया।



### पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत कुकुरमुडा में गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र आदि में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया गया। जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, रोजगार सचिव एवं ग्रामीणों ने पर्यावरण सुरक्षा करने का वचन लिया।इसी क्रम में ग्राम पंचायत चकनार, सड़क अतरिया, संड़ी, मानपुर, खैरबना, घिरघोली सहित अन्य पंचायत में जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं ग्रामीणों ने फल एवं छाया दार पौधा रोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।











# एक पेड़ जो चांद की रौशनी में चमकता है चांदी जैसा

**डोंगरगांव।** कुछेक वृक्षों को छोड़कर अधिकांश हरे रंग के होते है जो रात में एक जैसे दिखाई देते है किन्तु एक ऐसा भी पेड़ होता है जो चांद की रौशनी में चमकता है जिससे इसे आम बोलचाल की भाषा में चांदी का पेड़ कहा जाता है। छुरिया ब्लाक के ग्राम रतनभांठा में लगे इस पेड़ की सही उम्र किसी को नहीं मालूम किन्तु कहा जा रहा है कि यह दो से तीन सौ साल पुराना है।

ग्राम रतनभाठ में कब्रिस्तान के पास लगे इस पेड की खासियत यह है कि यह दिन में तो अन्य पेड़ो जैसा दिखाई देता है किन्तु रात में ज़ब इस पर चन्द्रमा को रौशनी पड़ती है तो यह चांदी जैसा चमकने लगता है। गांव के इमरान खान, मजीद खान, नेमसिंह साहू, गुलशेर खान, चैनसिंह आदि बताते हैं कि वह बचपन से इस पेड़ को देखते आ रहे हैं। वह बताते है कि उनके दादा- परदादा इस पेड के बारे में बताते थे। उन्हें भी यह नहीं मालूम था कि इसे किसने और कब लगाया था। उन्होंने बताया कि जंगल में ऐसा ही एक पेड था जो अब नष्ट हो गया है। इसी प्रकार डोंगरगांव ब्लाक के ग्राम गुंगेरी नवागांव की पहाड़ी में भी पेड होने की जानकारी मिली है।

### औषधि गुण से भरपूर

चांदी के पेड़ के नाम से विख्यात पेड़ में औषधि गुण भी है। जानकार बताते है कि इससे इम्यूनिटी बढ़ती है साथ ही उससे निकलने वाली गोंद पेट में जलन, मरोड़ आदि होने पर दवा का काम करती है। लोग चर्म रोग या हाथ पैर में जलन होने पर गोंद का उपयोग दवा के रूप में करते हैं।

# बम्लेश्वरी पहाड़ी में दिखा भालुओं का झुंड, लोगों में फैली दहशत

## पहले भी पहाड़ी में आते रहे हैं वन्य प्राणी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कुरूभाट बस्ती के आसपास दो दिनों तक चहल कदमी के बाद भालू को मां बम्लेष्वरी की उपर मंदिर पहाड़ी में देखा गया। पहाड़ी में शाम 5 से देर रात 12 बजे तक 4 से 5 भालू देखने की खबर है। उपर मंदिर सीढ़ी मार्ग, रणचंडी मंदिर, बांस टाल एवं पहाड़ी से लगी बस्ती में भालू देखने के बाद दहशत का माहौल बन गया है। वन विभाग कुरूभाट क्षेत्र में 2 दिनो तक रेस्क्यु आपरेशन के बाद क्षे भालू के जंगल लौटने का हवाला दे रहा था लेकिन कल 5 से रात 12 बजे तक 4 से 5 जगह भालू देखने की खबर आई है।

जानकारी के अनुसार इससे पहले 2022- 23 में तेंदुआ और भालू को उपर मंदिर, नीचे मंदिर एवं रणचंडी मंदिर पहाड़ी के आसपास देखा गया था। इसी प्रकार 2023 में नीचे मंदिर के पास 2 से 3 दिन तक भालू देखा गया। बांस डिपो में पिछले 25 सालो से भालू की उपस्थिति रहती है। कहा जा रहा है कि भालूओं का दल उपर मंदिर की पहाड़ियों में शहद खाने के लालच में पहुंचते है। वह पहाड़ियों से उतर कर आसपास के तलाबो में पानी पीते है और बस्तियों तरफ जाने लगे है हालांकि अब तक भालूओं ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया है। क्षेत्र में तेंदुआ के बाद भालूओं की उपस्थिति से दहशत का माहौल बन गया है। पूर्व में तेंदुआ ने बंदर, गिलहरी के अलावा कुत्तों का शिकार किया था।

### जंगली जानवरों की दस्तक

मां बम्लेश्वरी की नगरी में तेंदुआ और भालू की उपस्थिति लगातार दर्ज हो रही है। वहीं ढारा, करेला, भंडारपुर से लगे जंगलो में कोटरी, नीलगाय एवं जंगली भैसा की उपस्थिति देखने मिली है। जंगलो की अवैध कटाई होने के बाद उसका दायरा कम होने के बाद जंगली जानवर बस्तियों तक पहुंचने लगे है। वहीं क्षेत्र मे वन्य प्राणियों के शिकार की घटनाएं भी हो रही है। जानकारी के अनुसार जंगलो में करेंट तार विछाकर जानवरों का शिकार किया जाता है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों सुदर्शन गिरि पहाडी से तेंदुआ को रेस्क्यु कर जंगल में छोड़ा गया था।

# राशन वितरण प्रणाली में सरलीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून माह में हितग्राहियों को जून, जुलाई, अगस्त का चावल वितरण एक साथ किया जा रहा है। चावल वितरण करने में उपज रही परेशानी को देखते हुऐ विक्रेता ने वितरण प्रणाली में सरलता लाने की मांग किया है। राशन विक्रेताओ ने बताया कि योजना के तहत चावल के लिए हितग्राही का फिंगर लगाना है जिसमें एक हितग्राही से दो बार फिंगर लिया जाता है। सर्वर कमजोर के चलते एक हितग्राही को एक माह के चावल के लिए दस से पन्द्रह मिनट का समय लगता है। वर्तमान में तीन माह का चावल वितरण का करने से और अधिक समय लग रहा है जिससे हितग्राही और बिक्रेता परेशानी का सामना कर रहे है। विक्रेता संघ ने बुधवार को मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री एवं कलेक्टर के नाम आवेदन सौंप कर ई पोश मशीन से वितरण प्रणाली का सरलीकरण करने की मांग किया है।

### सोसायटियों में लग रही भीड़

तीन माह का राशन वितरण करने के लिए सभी दुकानों में खाद्य सामग्री का भंडारण किया गया है। बिक्रेता चावल वितरित करना शुरू कर दिया है। तीन माह चावल वितरण करने से समय अधिक लगने के कारण सोसायटियों में हितग्राहियों की लंबी लाईन लग रही है। लोग अपनी पारी का इंतजार करते घंटों बैठे रहते हैं।

### युक्तियुक्तकरण के बाद भी स्कूल एक शिक्षकीय

**डोंगरगांव।** गांवों के स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने प्रशासन द्वारा युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों को हटाया गया है किन्तु प्रशासनिक चूक के चलते प्राथमिक शाला करेठी एक शिक्षकीय हो गई है। जानकारी के अनुसार खुज्जी संकुल के अधीन आने वाली प्राथमिक शाला करेठी में तीन शिक्षक पदस्थ थे। दर्ज संख्या के आधार पर एक शिक्षिका शबाना खान को अतिशेष मानकर छुरिया ब्लाक के ग्राम चांदों की प्राथमिक शाला जो एक शिक्षकीय थी में तैनात किया गया है। इस बदलाव के बाद करेठी स्कूल में पदस्थ प्रधानपाठक महेंद्र कुमार सबला 5 जून को सेवानिवृत्त हो गए है। उनके सेवानिवृत्त होने के साथ शाला फिर एक शिक्षकीय हो गई है। अब प्रशासनिक चुक को सुधारते हुए शबाना खान को वापस भेजा जाता है तो चांदो स्कूल में अपनी पुरानी हालत में पहुंच जाएगा।

# शिविर में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**डोंगरगढ़।** महेश नवमी के उपलक्ष्य में महेश्वरी सभा ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला में 4 जून को किया। शिविर में सर्व समाज के लोगों ने शामिल होकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर का 97 लोगों ने लाभ उठाया। आयोजन में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष सुनील तापड़िया, सचिव मनीष दरगड़, उपाध्यक्ष राजेन्द्र कोठारी, कोषाध्यक्ष विकास मूंदड़ा, राधावल्लभ तापड़िया, श्रेयस भैय्या, गोपाल दम्माणी एवं अन्य सदस्यों के अलावा माहेश्वरी महिला मंडल,थायरोकेयर धमतरी ने सहयोग दिया। महेश नवमीं के उपलक्ष्य में भगवान महेश की पूजा आरती के बाद भोजन प्रसादी हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश माहेश्वरी सभा की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में अजय सोमानी एवं वैभव महेश्वरी, प्रदेश महिला मंडल सचिव रूपा मूंदड़ा शामिल हुए।

## सार समाचार

### पूर्व मंत्री अकबर ने छाबड़ा परिवार को बंधाया ढांढ़स



**राजनांदगांव।** प्रदेश के पूर्व वन मंत्री व राजनांदगांव के पूर्व प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर बुधवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के पिता सरदार गुरूचरण सिंग छाबड़ा के निधन पर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। पिछले दिनों स्व. छाबड़ा का निधन हो गया था। कल पूर्व मंत्री अकबर ने छाबड़ा परिवार के दीवानपारा स्थित निवास में पहुंचकर कुलबीर छाबड़ा समेत परिवार के अन्य सदस्यों को ढांढस बंधाया। उन्होंने सांसारिक जीवन चक्र से जुड़े इस घटना को ईश्वर की मर्जी बताते परिवार को दुख सहने की कामना की। पूर्व मंत्री ने छाबड़ा से पिता के जीवनकाल की अविस्मरणीय यादों को लेकर भी जानकारी ली। स्व. छाबड़ा सिक्ख समाज के अलावा गैर सिक्ख समाज से सदैव जुड़े रहे। उनका आम लोगों से सीधा सरोकार रहा। सीधे एवं सरल स्वभाव के छाबड़ा के निधन की खबर के बाद प्रदेश के राजनीतिक व गैर राजनीतिक वर्ग के लोग शोक व्यक्त करने लगातार परिवार के बीच पहुंच रहे हैं। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रवीण मेश्राम व अन्य लोग उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी मनीषा



**राजनांदगांव।** दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कंसलटेशन में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य मनीषा श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल सेंटर में 6 और 7 जून को दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर पर परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें देशभर से प्रत्येक राज्य से किशोर न्याय बोर्ड के एक-एक सदस्य को आमंत्रित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने शासन द्वारा किशोर न्याय बोर्ड राजनांदगांव की सदस्य मनीषा श्रीवास्तव को नामित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कंसलटेशन में मुख्य रूप से किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों, बाल संरक्षण, बाल अधिकार आदि पर चर्चा और परामर्श किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में देशभर के किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों सहित राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए सांसद



**राजनांदगांव।** श्री भैरवी धाम जनकल्याण समिति खैरा रवेली राजनांदगांव मे पीठाधीश्वर गुरु मां सिमरन माई जी के तत्वावधान में नवनिर्मित श्री भैरवी शक्तिधाम तांत्रोत्रक शक्तिपीठ एवं साधना केंद्र प्राण प्रतिष्ठा समारोह देवी पूजन एवं प्राण-प्रतिष्ठा, भजन संध्या एवं महाप्रसादी में सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। सांसद पांडे ने श्री भैरवी शक्तिधाम पर पूजा-अर्चना किया और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्रवासियों के लिए यह शक्तिधाम होना गौरव व हर्ष की बात है। शक्ति की भक्ति उपासना से जीवन को धन्य बना देती है। इस अवसर पर प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, मनीष साहू, मनोज साहू, देवल साहू, आशीष राजपूत एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### पर्यावरण दिवस पर पूर्व सांसद अभिषेक ने रोपे पौधे



**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह अपने तीन दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव की प्रमुख समस्याओं से रूबरू हुए। दो दिनों तक लगातार उन्होंने शहर भ्रमण किया एवं गांव-गांव पहुंचे। तीसरे दिन 5 जून को पर्यावरण दिवस पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने पर्यावरण संबंधित सभी कार्यों का जायजा लिया और इस अवसर पर कृषि उपज मंडी राजनंदगांव एवं स्पीकर हाउस में वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प भी लिया। अभिषेक ने कार्यकर्ताओं को आह्वान करते कहा कि हम सभी मिलकर हरित भविष्य के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाएं और पर्यावरण की रक्षा करें, ताकि आगामी आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रह सके। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष सुमित भटिया, गोलू गुप्ता, तरुण लहरवानी उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी विदाई



**राजनांदगांव।** शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव के कर्मचारी राबिन्सन अपनी अधिवार्षिकी सेवावधि पूर्ण कर 31 मई को शासकीय सेवा से मुक्त हुए। मुद्रणालय के समस्त कर्मचारियों ने एक समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त साथी को भावभीनी बिदाई दी। कार्यक्रम का संचालन करते छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. ईरफान शेख, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के पूर्व उप संचालक अशोक कुमार, फादर जोसफ राज उपस्थित थे, जिनका स्वागत मुद्रणालय के समस्त कर्मचारियों ने किया। अतिथियों व कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी राबिन्सन का गुलाल से तिलकाभिषेक करते शाल व श्रीफल भेंट किया गया व यात्री बैग, स्टील का पानी ड्रम, दीवार घड़ी, मानपत्र व प्रतीक चिन्ह आदि उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर मुद्रणालय के कर्मचारी व परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।

### खैरा में निकली कलश यात्रा



**राजनांदगांव।** श्री भैरवी धाम जनकल्याण समिति द्वारा नवनिर्मित श्री भैरवी शक्तिधाम तांत्रोक्त शक्तिपीठ एवं साधना केंद्र खैरा में पांच दिवसीय भव्य देवी पूजन प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 1 से 5 जून तक आयोजित हो रहा है। इसी तारतम्य में भव्य कलशयात्रा माताजी के जसगीत के साथ गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इस अवसर पर देश-प्रदेश से आए संत और आसपास के ग्रामीण सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल थे। उक्त जानकारी देते आयोजक मंडल ने बताया कि उक्त आस्था के केंद्र में मां भगवती भैरवी, मां दंतेश्वरी, मां दक्षिण काली के साथ श्री हनुमान जी और बाबा काल भैरव जी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया।

## जिले में 5 शालाओं का किया जा रहा समायोजन

# प्रा.शालाओं में 248 और पूर्व माध्यमिक शालाओं में 88 शिक्षक ही अतिशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रेसवार्ता ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। नगरीय क्षेत्रों में छात्रों की तुलना में अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। जबकि ग्रामीण और दूरस्थ अंचल की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत है। वहां शिक्षकों की कमी है। जिसके कारण शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही है और छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति को सुधारने के उद्देश्य से ही प्रदेश सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण का कदम उठाया गया है। इससे जिन शालाओं में शिक्षक की जरूरत है, वहां शिक्षक उपलब्ध होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे अन्य विषयों के विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कुल मिलाकर युक्तियुक्तकरण के माध्यम से छात्र-शिक्षक अनुपात स्कूलों में संतुलित हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

राजनांदगांव जिले में 5 शालाओं का समायोजन किया जा रहा है। राज्य के कुल 10 हजार 538 स्कूलों में से 10 हजार 297 स्कूल यथावत संचालित रहेंगे। जबकि राजनांदगांव जिले में 1335 स्कूलों में से 1330 स्कूल यथावत संचालित होंगे। सिर्फ उन्हीं स्कूलों का समायोजन किया गया है, जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम है और पास में बेहतर विकल्प मौजूद हैं। युक्तियुक्तकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी और बच्चों को पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ ही निरंतरता भी बनी रहेगी।

राजनांदगांव जिला अंतर्गत डोंगरगढ़ विखं के शा.उ.मा. विद्यालय घोटिया में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लिए कुल 103 विद्यार्थियों की दर्ज संख्या है, यहां स्वीकृत 11 पदों के विरूद्ध मात्र 3 व्याख्याता कार्यरत हैं एवं 8 पद रिक्त हैं। दूसरी ओर ठाकुर प्यारेलाल शा.पूर्व मा.विद्यालय राजनांदगांव में 84 विद्यार्थियों की तुलना में 10 शिक्षक कार्यरत है। जबकि दर्ज संख्या के अनुसार यहां केवल 4 शिक्षकों की आवश्यकता है। महारानी लक्ष्मीबाई शा.कन्या उ.विद्यालय राजनांदगांव में 497 विद्यार्थियों की तुलना में 26 व्याख्याता कार्यरत हैं। जबकि कम दर्ज संख्या आबंटित कालखंड 4 से कम होने के कारण 6 व्याख्याता को अतिशेष मानकर युक्तियुक्तकरण में शामिल किया गया है। राजनांदगांव जिले के विखं डोंगरगांव में शा.प्रा. शाला सेवताटोला में दर्ज संख्या 38 कार्यरत शिक्षक संख्या 5 है। जिसमें 3 अतिशेष, शा.प्रा. शाला मटिया कार्यरत शिक्षक संख्या 4 अतिशेष 2, शा.प्रा.शाला बड़गांव दर्ज संख्या 88 कार्यरत शिक्षक 5 अतिशेष 2, शा.प्रा.शाला चमारराय टोलागांव दर्ज संख्या 50 कार्यरत शिक्षक 4 अतिशेष 2 है।

#### शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना

शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया। छत्तीसगढ़ में प्राथमिक स्तर पर छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 बच्चे प्रति शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 26.2 बच्चे प्रति शिक्षक हैं, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। राज्य में 212 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन एवं 6,872 शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। राजनांदगांव जिले में 6 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन एवं 94 शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। राज्य में 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षकविहीन और 255 एकल शिक्षकीय हैं। राजनांदगांव जिले में शून्य पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षकविहीन और 9 एकल शिक्षकीय हैं। राज्य के प्राथमिक स्कूलों में 7,296 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 5,536 शिक्षकों की आवश्यकता है। राजनांदगांव जिले में प्राथमिक स्कूलों में 126 शिक्षक एकल शिक्षकीय एवं शिक्षकविहीन में और 122 शिक्षक ज्यादा दर्ज संख्या वाले स्कूलों में पदस्थ किए गए हैं एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 88 अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना एकल शिक्षकीय 5 स्कूलों एवं आवश्यकता वाली शालाओं में पदस्थापना की गई है।

#### गुणवत्ता और समानता की दिशा में बड़ा कदम

कलेक्टर भुरे ने कहा कि राज्य के प्राथमिक शालाओं में 3,608 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 1,762 शिक्षक ही अतिशेष हैं। जिले में प्राथमिक शालाओं में 248 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 88 शिक्षक ही अतिशेष हैं युक्तियुक्तकरण से शिक्षकविहीन विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता के साथ ही एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी और स्थापना व्यय में भी कमी आएगी। यह युक्तियुक्तकरण कोई कटौती नहीं, बल्कि गुणवत्ता और समानता की दिशा में बड़ा कदम है। राज्य में मात्र 241 स्कूलों का समायोजन किया जा रहा है।

## स्नेह बंधन कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनांदगांव द्वारा आयोजित स्नेह बंधन अपनो से अपनो का मिलन हर्षोल्लास के साथ डॉ. सरिता बाजपेयी के सानिध्य में पुष्पांजलि पैलेस में 1 जून को संपन्न हुआ। स्नेह बंधन का शुभारंभ योग प्राणायाम के बाद पवित्र सुदर्शन क्रिया के साथ हुआ। तत्पश्चात खेल-खेल में ज्ञान और ध्यान की बातों का आदान-प्रदान हुआ।

डॉ. सरिता बाजपेयी ने 5 सरल ज्ञान कुंजियों में पूरा गीता का सार रख दिया। डॉ. सरिता ने स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक प्रगति में आने वाली 9 प्रमुख बाधाओं का उल्लेख किया और उनका सारगर्भित उदाहरण और आसान निवारण भी बताया। उन्होंने बताया कि वर्तमान पल में ही जीवन का सत्य और खुशी निहित है।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने 10 से 15 जून तक पुनः डॉ. सरिता बाजपेयी के सानिध्य मे हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन पुष्पांजलि पैलेस में किया है। इस अवसर पर ग्राम थानोद के गो सेवक किरण साहू को भजन गायन में विशेष सेवा हेतु सम्मानित किया गया। प्रभा ठाकुर को भी जिला शिक्षक समन्वयक बनने पर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक अंब्रिक मोटलानी ने दी।

# सवारी भरी पिकअप पलटी दर्जनभर से अधिक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन रोड में बकरी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे इसमें सवार दर्जनभर से अधिक लोगों को चोंटे आई है, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप में सवार लोग खैरागढ़ क्षेत्र के ग्राम ईटार से मुगलानि डोंगरगढ़ छट्टी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। उक्त वाहन जैसे ही ग्राम सिदारखपरी के कुछ दूरी पर पहुंचा था कि सड़क पर अचानक बकरी आ गई।

#### बकरी बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित

जिससे वाहन चालक बकरी को बचाने के प्रयास में अपने वाहन का नियंत्रण खो दिया। सवारी भरी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे इसमें सवार ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया। बताया गया कि वाहन पलटने से इसमें सवार दर्जनभर से अधिक लोगों को चोंटे आई, जिन्हें उपचार हेतु खैरागढ़ चिकित्सालय लाया गया। बताया गया कि इस घटना में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी घटना स्थल एवं चिकित्सालय पहुंचे।

# स्कूल परिसर में महापौर ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) राजनांदगांव शाखा द्वारा ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, पार्षद संतोष पिल्ले एवं ठाकुर प्यारेलाल स्कूल प्राचार्य भूषण साव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व आईडीए अध्यक्ष डॉ. मनुप्रीत कौर और सचिव डॉ. नुपुर सरकार द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने वृक्षारोपण पश्चात उपस्थितजनों को संबोधित करते कहा कि केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के आह्वान पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण की मुहिम चलाई जा रही है। जिसमें हम सबको भी अपना योगदान देना है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से नवरोपित पौधों एवं वृक्षों की देखभाल एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने की अपील की।

आईडीए अध्यक्ष ने महापौर यादव को अवगत कराया कि इस पर्यावरणीय पहल का उद्देश्य स्वच्छ, हरित और स्वस्थ समाज की दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की थीम "डेंटल वे टू एनवायरनमेंट" रही। जिसमें यह संदेश दिया गया कि जैसे हम दांतों और मौखिक स्वच्छता पर ध्यान देते हैं, वैसे ही हमें पर्यावरण की स्वच्छता और संतुलन की ओर भी सजग रहना चाहिए। वृक्ष जहां ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वहीं वे वायुमंडल से विभिन्न हानिकारक गैस और वाष्प को अवशोषित कर वातावरण को शुद्ध करते हैं।

आयोजन में मीडिया समन्वय में सहयोग डॉ. जय टांक आईडीए राजनांदगांव शाखा का भी योगदान रहा। कार्यक्रम में आईडीए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में आईडीए राजनांदगांव के सदस्य डॉ. शारदा साहू, डॉ. अनुष्का देवघरे, डॉ. अंकुर प्रीथयानी, डॉ. रीना पाटिला, डॉ. अरिहंत, डॉ. आकाश कटियारा, डॉ. आकांशा सोनी सहित वार्डवासीगण उपस्थित रहे।

### दो ट्रैफिक जवान लाइन अटैच

**राजनांदगांव।** ट्रैफिक कार्यालय में दो ट्रैफिक जवान के बीच जमकर वाद-विवाद हुआ। जिसकी जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक ने अनुशासनहीनता के मामले में लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गत दिवस ट्रैफिक कार्यालय में किसी बात को लेकर दो ट्रैफिक जवानों के बीच जमकर आपसी वाद-विवाद हो गया। स्थिति मारपीट तक जा पहुंची थी। जिससे स्टाफ में भी हड़कंप मच गया था। इस बात की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने इस मामले को गंभीरता से लेते दोनों ट्रैफिक जवानों को लाइन अटैच कर दिया है। लाइन अटैच होने वाले जवानों के नाम आशिष पाटिल व रविशंकर झा बताए गए हैं।

# अवैध रूप से महाराष्ट्र की शराब ले जाते पकड़ाए



**राजनांदगांव।** मोटर साइकिल में अवैध रूप से महाराष्ट्र निर्मित शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 जून की संध्या देहात भ्रमण करते समय पुलिस को मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिपानगढ़ तरफ से छोटे मासूल की ओर दो व्यक्ति अपने मोटर साइकिल में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहे हैं। इस सूचना पर मुखबीर के बताए हुलिया के दो व्यक्तियों को ग्राम छोटे मासूल पुलिया के पास घेराबंदी कर मौके पर पकड़ा।

#### प्लास्टिक बोरियों में भरा था

दोनों व्यक्तियों के कब्जे से दो सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियों में भरा हुआ दो पेटी विलिका संतरी महाराष्ट्र निर्मित शराब जिसमें से 23 नग शीशी टूटा हुआ एवं 73 नग सही सलामत कीमती 5110 रुपए का शराब मिला। दोनों संदेहियों से उनका नाम-पता पूछने पर अपना नाम क्रमशः भगवान दास निषाद 32 वर्ष एवं गोकुल कंवर 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मातेखेड़ा थाना गैंदाटोला का होना बताया। दोनों आरोपियों को शराब परिवहन एवं बिक्री हेतु वैध दस्तावेज पेश करने पृथक-पृथक नोटिस दिया जाने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 73 नग विलिका संत्री शराब महाराष्ट्र निर्मित कीमती 5110 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त एक नग मोटर साइकिल जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध कायम कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 5 जून को माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया।







# सांसद ने दी फ्लड लाइट की सौगात




**राजनांदगांव।** रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित राजनांदगांव हॉकी लीग प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे व अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, पार्षद शिव वर्मा, कन्हैया सुनील साहू तथा वरिष्ठ नागरिक ब्रम्हानंद चौबे, नारायण यादव, रामप्रसाद यादव, मोहम्मद असलम, सुरेश डेकाटे एवं ललित नायडू उपस्थित रहे।

सांसद श्री पांडे ने कहा कि बच्चों को खेल से जोड़ने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने पटरी पार क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात के रूप में चिखली स्कूल मैदान में फ्लड लाइट लगाने की घोषणा की। अध्यक्षता करते श्री पारख ने कहा कि राजनांदगांव का हॉकी में स्वर्णिम इतिहास रहा है। भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने कहा कि इससे बच्चों को न सिर्फ खेल में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।

आज आयोजित पहला मैच रामनगर हीरोज बनाम शिवनगर बुल्स के मध्य हुआ। इसमें शिवनगर बुल्स ने 3-2 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच सोलह खोली स्ट्राइकर्स बनाम रमन बाजार वारियर्स के बीच हुआ। रमन बाजार वारियर्स ने यह मुकाबला अपने नाम किया। तीसरा मैच शांतिनगर शूरमा बनाम चीखली ड्रैगन्स के मध्य हुआ। दोनों टीमों के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। जिसके बाद शूटआउट में शांतिनगर शूरमा ने जीत हासिल की। चौथा और अंतिम मैच चिखली ड्रैगन्स बनाम शंकरपुर फाइटर्स के मध्य हुआ। यह मुकाबला भी शूटआउट तक गया। जिसमें चिखली ड्रैगन्स ने शानदार जीत दर्ज की।

**आज के मैच**

कल 6 जून को तीन मैच खेल जाएंगे। जिसमें पहला मैच दोपहर 3 बजे रामनगर हीरोज बनाम राइजिंग स्टार गौरीनगर, 4 बजे दीनदयाल चैलेंजर्स बनाम रमन बाजार वारियर्स एवं 5 बजे शांतिनगर शूरमा बनाम चिखली ड्रैगन्स के मध्य होगा।





**खुलासा:** बेटे ने पिता को गला रेतकर तो पोते ने दादा को जिंदा जलाकर उतारा मौत के घाट

# आपसी तनाव, संपत्ति विवाद, आवेश व द्वेष के चलते रिश्ते व रिश्तेदारों का खून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक के बाद एक लगातार हुई तीन हत्याओं के बाद अब पुलिस प्रशासन इन हत्याओं की गुत्थी सुलझाने में जुटा है। पुलिस ने पहले पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम महली में हुई हत्या और फिर सिंघनपुरी जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम बामी में हुई बुजुर्ग ग्रामीण की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इन हत्याओं के खुलासे के बाद बड़ी ही खौफनाक तथा चिंताजनक तस्वीरे सामने आ रही है, कि कैसे जिले में कहीं पारिवारिक रंजिस, सम्पत्ति के लालच तो कहीं आपसी मनमुटाव के चलते रिश्ते और रिश्तेदारों का खून हो रहा है। आलम ये है कि कहीं कोई बेटा अपने बाप की कुल्हाड़ी से गला रेत कर मौत के घाट उतार रहा है तो कहीं कोई पोता अपने दादा को जिंदा जलाकर उसकी हत्या करने से भी गुरेज नहीं कर रहा है। जिले के थाना सिंघनपुरी जंगल अंतर्गत गत 3-4 जून 2025 की दरम्यानी रात ग्राम बामी में घटित हृदय विदारक घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। मृतक झड़ी राम साहू आयु 65 वर्ष को रात करीब 1.30 बजे सोते वक्त आग के हवाले कर दिया गया। जलती हालत में वह अपने घर के भीतर पहुंचा और पत्नी से मदद की गुहार लगाई। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें आग की लपटों से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना स्थल की स्थिति, मृतक की जलने की अवस्था और आसपास फैली पेट्रोल जैसी गंध को देखते हुए यह स्पष्ट था कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि एक पूर्व नियोजित हत्या है। परिजनो से मिली सूचना के बाद सिंघनपुरी जंगल पुलिस और एफएसएल टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण कर एंटीमार्टम बर्निंग की पुष्टि की गई। इस हत्याकाण्ड की गुत्थी सुलझाने जांच टीम ने तकनीकी और पारिवारिक पहलुओं की बारीकी से जांच के पश्चात मृतक के पोते दीपक साहू पिता इतवारी साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने कबूल किया कि वह इस बात से नाराज था कि दादा ने अपनी जमीन का हिस्सा उसके पिता को न देकर अन्य बेटों को दे दिया। इस आशंका और क्रोध में कि उसे भविष्य में कुछ नहीं मिलेगा, उसने पेट्रोल डालकर दादा को आग लगा दी। आरोपी को हत्या के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) और 111 के तहत हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक संजीव तिवारी, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, अभिनव तिवारी, आरक्षक मनीष सिंह का विशेष योगदान रहा।

### ग्राम महली में बेटे ने पिता को उतारा था मौत के घाट



यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते 3 दिनों में जिले में तीन हत्याओं की घटनाएं सामने आईं, जिनमें से दो मामलों का पुलिस द्वारा त्वरित खुलासा कर लिया गया है। इससे पूर्व पुलिस ने पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम महली में हुई हत्या के मामले में अपने पिता की कुल्हाड़ी से गला रेतकर हत्या करने वाले आरोपी पुत्र को गिरफ्तार किया था। वहीं पोड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम प्रभाटोला में हुई बुजुर्ग ग्रामीण की हत्या का मामला अभी भी लंबित है। पुलिस का कहना है कि महली तथा ग्राम बामी के मामलो में आपसी तनाव, संपत्ति का विवाद, आवेश और पारिवारिक द्वेष जैसे कारण प्रमुख रहे हैं। ऐसे मामलों में जहां अपराध भावनात्मक आवेग, आंतरिक द्वेष या संपत्ति की भूख से उपजते हैं, वहां समाज के हर व्यक्ति को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## अब गदहाभाठा का नाम सोनपुर, चण्डालपुर का नाम चन्दनपुर होगा

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से कैबिनेट बैठक मेंजिले के दो ग्राम पंचायतों के नाम बदलने की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में कई जनहितैषी निर्णय लिए गए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर बैठक में कबीरधाम जिले के दो ग्राम पंचायतों के नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप यह निर्णय लिया गया। नाम बदलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इस निर्णय के लिए उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। कैबिनेट बैठक में कवर्धा तहसील के ग्राम पंचायत गदहाभाठा का नाम बदलकर सोनपुर तथा बोड़ला तहसील के ग्राम चण्डालपुर का नाम बदलकर चन्दनपुर किए जाने का निर्णय लिया गया है। यह बदलाव क्षेत्रीय नागरिकों की भावनाओं एवं स्थानीय परंपराओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। ग्रामवासियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलकर ग्रामों के नाम परिवर्तन की मांग की थी। उपमुख्यमंत्री ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निर्णय के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए थे। उन्होंने संबंधित विभाग को ग्रामसभा अनुमोदन व अन्य प्रक्रियाओं को तत्परता से पूरा करने के आदेश भी दिए थे। कैबिनेट द्वारा लिए गए इस निर्णय से क्षेत्र के नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। ग्रामवासियों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### कई और गांवों के नाम बदलने की मांग

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामों के नाम परिवर्तन का निर्णय स्थानीय निवासियों की भावना और ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए लिया गया है। यहां बताना लाजिमी होगा जिले के ऐसे और भी कई ग्राम है जिनके नामो को बदलने की मांग की जा रही है। जिसमें ग्राम ढौकाबांधा, चुचरूंगपुर जैसे कई गांव शामिल है। देखने वाली बात होगी कि शासन इन ग्रामों के नामो का कब तक बदलती है।

### खबर संक्षेप

#### स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजरों ने किया पौधारोपण

**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन जिला आयुक्त योगदास साहू के मार्गदर्शन एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी के नेतृत्व में जिले के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर द्वारा अपने अपने घर के आंगन, बाड़ी एवं उचित स्थान पर पौधरोपण किया गया साथ ही हमारे जीवन में वृक्ष की महत्ता पर पोस्टर के माध्यम से लोगो को संदेश दिया गया।

#### कर्मचारियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्व सहायता समूह की दीदीयो एवं ग्राम संगठन के सदस्यो जनपद प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के मैदानी कर्मचारियों का प्रशिक्षण गत दो दिनों से क्लस्टर लेवल पर दिया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों का 16 क्लस्टर में 4 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय स्तर पर पानी रोकने के विभिन्न उपायों पर जानकारी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मोर गांव मोर पानी महा अभियान में जन भागीदारी बढ़ाते हुए सफल बनाना है।गांव में रहने वाले स्थानीय व्यक्तियों को भू-जल स्तर एवं जल संरक्षण के लिए जागरूक करना। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा पूरे प्रदेश में मोर गांव मोर पानी महा अभियान की शुरुआत की गई है।

## ऑपरेशन सरदार के तहत किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

### पंडरिया शक्कर कारखाना के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग



- भारतीय किसान संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 5 जून को भारतीय किसान संघ ने जिले के हजारों गन्ना उत्पादक किसानो के साथ सैकड़ों मजदूरों और युवाओं की रोजीरोटी व जीविकोपार्जन का सहारा बने विकासखण्ड पंडरिया में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पाद कारखाना में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का समूल नाश करने तथा भ्रष्टाचार के चलते लगातार कर्ज में डूबकर बंद होने के कगार में पहुंच चुके कारखाना को बचाने ऑपरेशन सरदार के तहत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तथा चक्काजाम कार्यक्रम का आयोजन किया।

आयोजन में बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के किसानो ने शामिल होकर एक स्वर में कारखाना में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही करने और उन्हें कारखाना से हटाने की मांग की। धरना प्रदर्शन और चक्काजाम के बाद संघ ने मुख्य रूप से कारखाना में राजनीतिक हस्तक्षेप तथा भाई-भतीजावाद की वजह से आवश्यकता से दोगुने से अधिक कर्मचारियों की भर्ती कर दी गई है जिससे प्रतिवर्ष कारखाने को करोड़ों रूपए का नुकसान हो रहा है। अतः अतिरिक्त कर्मचारियों की छटनी किए जाने, श्रमिक ठेकेदारों का कमीशन 5 प्रतिशत से घटाकर 1 किए जाने, नंवबर से अप्रैल तक कारखाना अपनी पूरी क्षमता से चले इसके लिए कारखाना का मेंटनेस सही तरीके से किए जाने, कारखाना में निरंतर गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गन्ना प्रोत्साहन राशि को बढ़ाए जाने, किसानों को उनके द्वारा बेचे गए गन्ने का भुगतान 15 दिन किए जाने इसके लिए धान खरीदी के तर्ज पर पेराई सत्र प्रारंभ होने के समय में रिवालविंग फंड कारखाना को दिए जाने, गन्ना भुगतान को रिकवरी आधारित किए जाने, फरवरी से अप्रैल तक माह के अंतिम तिथि के औसत रिकवरी को आधार बनाकर किसानों को अंतिम भुगतान किए जाने, कारखाना को घाटे में डालने वाले कर्ज के दलदल में डुबाने वाले प्रबंधन के महत्वपूर्ण पद पर बैठे हुए अधिकारियों को तुरंत हटाए जाने, इसमें प्रमुख रूप से कारखाना के प्रबंधक राकेश राजपूत तथा डब्ल्यूटीपी में कार्यरत गोविंद पाल को हटाने, कारखाना को 260 करोड़ के हुए नुकसान के कारणों की उच्चस्तरीय तकनीकि समिति द्वारा जांच कराए जाने तथा इसमें दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर नुकसान की भरपाई कराए जाने तथा पंडरिया ब्लाक में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद विशेष रूप से यूरिया तथा डीएपी उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।

### घंटों बंद रहा बिलासपुर-कवर्धा मार्ग

भारतीय किसान संघ द्वारा अपने ऑपरेशन सरदार के तहत गुरूवार को किए गए धरना प्रदर्शन एवं बिलासपुर-कवर्धा मार्ग में चक्काजाम के चलते चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला यह मार्ग कई घंटो के लिए बंद रहा। जिसके चलते मार्ग के दोनो और बिलासपुर से कवर्धा की ओर आने जाने वाले वाहनो की लंबी कतारे लगी रही और इस भीषण गर्मी में वाहन चालकों व यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि संघ ने दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक मार्ग जाम रखा और अपने निर्धारित समय के बाद ही मार्ग बहाल किया गया है।

## किसानों को अमानक खाद बिक्री मामले में जांच व वैधानिक कार्रवाई की मांग, कलेक्टर व एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के द्वारा गुरूवार को केन्द्रीय अध्यक्ष पुरन लाल साहू के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष पुरनलाल साहू ने बताया कि मंच ने मुख्य रूप से एनकेजे एथेनाल प्लांट के अंतर्गत के फार्म नामक कम्पनी के द्वारा प्लेस मड को उपज ब्रांड पोटाश खाद बताकर भोरमदेव सहकारी कारखाने के माध्यम से किसानो को बिक्री कर ठगी की गई जिस पर जांच कर दोषियों के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराने, भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना प्रबंधन के द्वारा जिस प्लेस मड को एक हजार रूपए प्रति ट्राली (सात टन लगभग वजन) बेचा जाता है,जो की 50 किलो बोरी में सात से आठ रूपए की बनती है, उसे प्रति बोरी पोटाश खाद बता करीब 750 में बेचा गया इसकी जांच कराए जाने, भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना प्रबंधन के द्वारा किस अनुबंध के तहत फर्जी अमानक खाद की खरीदी व भण्डारण कारखाने के गोदामों में किया गया है जबकी इसके पहले कभी कारखाना के द्वारा किसी भी अन्य कंपनी के खाद की बिक्री नहीं की गई है। इस फर्म के द्वारा अब तक कितनी मात्रा में अमानक खाद का उत्पादन किया गया है तथा अन्य किन-किन मध्यमों से अमानक खाद की बिक्री की गई है इसकी जांच करा कर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## स.लोहारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामचरण पटेल 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर कबीरधाम जिले के स. लोहारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामचरण पटेल को प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू ने एक आदेश जारी कर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक ब्लाक कांग्रेस कमेटी स. लोहारा रामचरण पटेल पर आरोप है कि वह एक विधवा महिला के साथ एक कमरे में संदिग्ध स्थिति में पाए गए। इसी दौरान महिला के परिजनों ने उन्हें पकड़कर जमकर लात-घूंसे से पीटा। यह घटना लोहारा के पटेल मोहल्ला की बताई जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। हालांकि वायरल वीडियो और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि हरिभूमि नहीं द्वारा नहीं की गई है। घटना की आधिकारिक जांच की प्रतीक्षा की जा रही है।



### बैरख में मनाया गया पर्यावरण दिवस



**बोड़ला।** वनांचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल बैरख, माध्यमिक और आंगनबाड़ी बैरख के द्वारा ग्राम पंचायत प्रांगण में विश्व पर्यावरण के मौके पर आंवला, बेल, अमरूद और सीताफल के पांच पौधे जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए एवं उन्हें सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था की गई। संस्था के प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने कहा है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पौधे लगाकर मनाया गया। उन्होने बताया कि वर्ष 1972 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में नामित किया था। केवल एक पृथ्वी के तहत पहला उत्सव 1973 में मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का मकसद है लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना। श्री यादव ने कहा कि प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ सबके महत्व को समझे एवं पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सरला श्याम मसराम, सरपंच सुधारी मसराम, प्राचार्य सोहन कुमार यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चमेली धुर्वे, चैन सिंह धुर्वे एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

**विभाग ने कार्यशाला के साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का भी किया शुभारंभ**

## वन विभाग ने चारागाह विकास संबंधी कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भोरमदेव परिक्षेत्र अंतर्गत जमुनापानी उपपरिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 104 में गत 4 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर चारागाह विकास के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। वनमण्डलाधिकारी, कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यशाला में भोरमदेव परिक्षेत्र के निकटतम गांव के जनप्रतिनिधि, चिल्फी एवं भोरमदेव अभ्यारण के मैदानी अमला उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यारण अंतर्गत निवास करने वाले वन्यजीवों हेतु खाद्य चारागाह के विकास हेतु बीजों के छिड़काव की विधि का विस्तृत वर्णन एवं फील्ड डेमोंसट्रेशन किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि वर्ष के सितंबर से दिसंबर के महीने तक खाद्य घासो के बीजों का संग्रहण वन अमले के द्वारा किया जाता है और जून जुलाई के महीने में सामान्य जुताई कर इन बीजों को गोबर खाद रेत और मिट्टी के साथ उचित मात्रा में मिलाकर रिक्त क्षेत्रों में फैलाया जाता है। जिससे वर्षा ऋतु के दौरान इन बीजों का अंकुरण होने से वन्य जीवों के लिए चारागाह का निर्माण हो पाता है। चारागाह विकास एक अत्यंत आवश्यक कार्य है क्योंकि जंगल के भीतर चारागाह के उपलब्ध होने पर हुमन एनिमल कनफ्लिक्ट को कम किया जा सकता है साथ ही साथ वन्य जीवन हेतु बेहतर खाद्य घासों की उपलब्धता बढ़ाई जा सकती है जिससे उनकी जनसंख्या अभ्यारण क्षेत्र में बढ़ सकती है। इसके लिए वन अमला लगातार प्रयास कर रहा है साथ ही साथ गांव के लोगों को भी जागरूक कर रहा है कि वे अपने घरेलू पशुओं को जंगल क्षेत्र में ना चराएं, ग्रामीणों द्वारा भी वन विभाग के सहयोग के लिए आश्वासन दिया गया है जिससे वन्य प्राणियों की आबादी में वृद्धि हो सके और जैव विविधता को बरकरार रखा जा सके।

## युक्तियुक्तकरण के विरोध में साझा मंच 10 जून को कलेक्टर को सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




प्रदेशभर के शिक्षक संगठनों द्वारा एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए एकसाथ आकर बनाये गए शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय के राजमहल चौक के पास स्थित राजीव गांधी पार्क में दो जून से जारी अनिश्चितकालीन धरना के चौथे दिन भी शिक्षकों ने जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी एवं परस अंचल के नेतृत्व में धरना जारी रखा। जिला संचालकों ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर जिले के प्रत्येक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों का एक-एक पद कम कर शासन प्रशासन अपना पीठ थपथपाने का काम भले ही कर ले, लेकिन शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब परिवार के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का दुष्परिणाम आने वाले समय में भुगतना पड़ेगा। वर्तमान में शिक्षकगण स्कूल शिक्षा विभाग के सेटअप 2008 के अनुसार ही स्वीकृत पदों पर पदस्थ थे, वास्तव में जिले के गिने-चुने 10-15 विद्यालयों में ही शिक्षक अतिशेष थे, लेकिन प्रत्येक शाला में एक-एक पद कम कर नियमानुसार पदस्थ शिक्षकों को ही अतिशेष घोषित कर दूरस्थ शाला में भेज दिया गया। यदि शासन प्रशासन को गरीब बच्चों के शिक्षा की चिंता था तो विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के बजाय रिक्त पदों पर शिक्षकों सीधी भर्ती कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। जिला संचालकों ने बताया कि आगामी 10 जून को जिले के समस्त शिक्षक जिला मुख्यालय में रैली निकालकर कलेक्टर को युक्तियुक्तकरण निरस्त करने हेतु ज्ञापन सौंपेंगे।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में आम नागरिक द्वारा पर्यावरण दिवस के रूप में बरगद, नीम, आम का पौधरोपण कर साफ-सफाई एवं उसके सुरक्षा के लिए टी-गार्ड लगाया गया, ताकि आवारा पशुओं से पौधे को बचाया जा सकें। इस भीषण गर्मी में पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए पेड़-पौधे लगाकर जन जागरूक किया। साथ ही मनुष्य हो या पशु-पक्षी हर किसी को ऑक्सीजन की जरूरत होती है, बिना ऑक्सीजन के व्यक्ति एक क्षण भी नहीं जीवित रह सकता है, इसलिए ऑक्सीजन बनाने के लिए पौधों का होना अत्यंत आवश्यक है। इसकी महत्ता को हर किसी को समझना होगा। जब तक हर व्यक्ति के अंदर पेड़-पौधों का आदर नहीं होगा तब तक पर्यावरण प्रदूषित होता जाएगा। ये हमें कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं जैसे शुद्ध हवा, शुद्ध पानी साथ ही पेड़ मिट्टी को बांधकर रखते हैं, जिससे बाढ़ और कटाव कम होता है, ये हमें भोजन, दवा और आश्रय भी देते हैं।

### प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में किया पौधारोपण



**हरिभूमि कुण्डा।** कुण्डा क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम पंचायत भरेवा-पुरन में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं शाला के शिक्षकों द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला परिषर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया एवं संतुलित मौसम के लिए पेड़ की आवश्यकता के बारे में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि डिंडोरे भवानी, उपसरपंच प्रतिनिधि मुकेश चंद्राकर, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक लेखराज साहू, शिक्षक अश्वनी देवांगन तथा रोजगार सहायक प्रमोद बघेल, ग्राम पंचायत सचिव रोशन अनंत साथ ही ग्रामवासी गण उपस्थित थें। वहीं प्रधान पाठक साहू द्वारा रोपण किए गए पौधों के सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड की व्यवस्था की गई एवं रोपित पौधों के सुरक्षा का संकल्प लिया गया।

### पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल पोंड़ी में किया पौधारोपण



**हरिभूमि पोंड़ी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल पोंड़ी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू ने स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत पौधरोपण किया गया। शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू ने कहा कि वृक्षारोपण करना आज के समय में आवश्यक हो गया है, शुद्ध वातावरण और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पौधरोपण किया जाना चाहिए। वृक्षों के माध्यम से आम लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है, वृक्षारोपण से न केवल शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है बल्कि जल के कटाव को रोकता है। जिससे जल की कमी समस्या का निवारण निकलता है। इसी अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करना और वृक्षों को काटने से बचाया जाना चाहिए। इस दौरान उप प्राचार्य बी पात्रे, एसके वर्मा, इको क्लब प्रभारी लक्ष्मण वर्मा, एसएन वर्मा, हेमंत अवस्थी, टुम्मन कोसले, कन्हैया लहरें, चंद्राकर सर, राकेश शील, श्रीमती देवमती साहू, श्रीमती गंगा साहू, श्रीमती अंजू पनागर एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### पौधारोपण कर पर्यावरण के महत्व को बताया



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत दौजरी के ग्रामीण महिला पंचों ने गौठान तथा तालाब किनारे पीपल का पौधरोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। दौजरी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत की महिला पंच श्रीमती संगीता धुर्वे, श्रीमती रंजिता चंद्रवंशी, श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती शिवरानी चंद्रवंशी, श्रीमती पार्वती साहू इन पांचों ने तालाब किनारे व गौठान के पास पौधरोपण कर पर्यावरण के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरूवार को आंगनबाड़ी केन्द्र, तालाब, नदी, चौक-चौराहा, मुक्तिधाम, सार्वजनिक, धार्मिक स्थलों पौधरोपण करने से पर्यावरण सुरक्षित और सुंदर बना रहता है। वही दूसरे ओर मोहित साहू ने सरकारी स्कूलों में नौनिहाल पेड़-पौधे में पानी डालकर पर्यावरण का संदेश दे रहे हैं, ताकि पेड़ पौधा हरा-भरा बना रहे, 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाई गई पेड़ पौधे लगाकर लोगों में जन जागृति आ सके।

### मोर गांव मोर पानी महा अभियान में बूंद-बूंद पानी बचाने,गांव को हरा-भरा बनाने हो रहा प्रयास

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्व सहायता समूह की दीदीयो एवं ग्राम संगठन के सदस्यो जनपद प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के मैदानी कर्मचारियों का प्रशिक्षण गत दो दिनों से क्लस्टर लेवल पर दिया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों का 16 क्लस्टर में 4 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय स्तर पर पानी रोकने के विभिन्न उपायों पर जानकारी दिया जा रहा है।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की

# कलेक्टर ने बैठक में राजस्व अधिकारी लंबित मामलों में शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर असंतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को शीघ्र इनका निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें और बिना किसी देरी के समय-सीमा के भीतर काम पूरा करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री वर्मा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार ग्राम स्तर पर किसानों को भूमि से संबंधित दस्तावेज जैसे बी-1, नक्शा और खसरा की निःशुल्क प्रतियां पटवारियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। इस कार्य के लिए एक सप्ताह की समय-सीमा निर्धारित करते हुए उन्होंने सभी तहसीलों में पटवारियों के माध्यम से किसानों के घर-घर दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान की समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए, जिसके लिए तहसीलदारों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

#### राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा प्राथमिकता में होनी चाहिएः श्री वर्मा



कलेक्टर ने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा प्राथमिकता में होनी चाहिए, क्योंकि ये सीधे तौर पर आम जनता से जुड़े होते हैं। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। समय पर कार्रवाई न होने से न केवल प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि जनता का विश्वास भी कम होता है। सभी अधिकारी पूरी गंभीरता और ईमानदारी के साथ अपने कार्यो का निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कार्यो की सूची तैयार करें और उन प्रकरणों के निराकरण के लिए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामले में पटवारियों का कार्य महत्वपूर्ण होता है, जिन कार्य में पटवारियों की रिपोर्ट प्रतिवेदन की आवश्यकता होती है उन कार्यो के लिए प्रति दिवस पटवारियो को टारगेट दे और प्रतिदिन उनके कार्यो की समीक्षा करें। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, असर्वेक्षित ग्रामों की जानकारी, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ऐसे तहसील जिनकी प्रगति प्रतिशत कम है, उन्हें इस मामले में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। विवादित बटवारा के प्रकरण 6 माह से ज्यादा लंबित न हो। सीमांकन के प्रकरणों को भी तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आगामी बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए कहा कि वर्षा के कारण सीमांकन सहित अन्य फील्ड कार्य बाधित हो सकते हैं। अतः सभी स्थल निरीक्षण एवं अन्य फील्ड कार्यो को शीघ्रता से प्राथमिकता में पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी तहसीलदारों और पटवारियों को निर्देशित किया कि फील्ड से जुड़े सभी लंबित कार्यो को प्राथमिकता से निपटाएं।

कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र, आरबीसी 6-4 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इनका तत्काल निराकरण किया जाए और संबंधित हितग्राहियों को समय पर लाभ प्रदान किया जाए। फसल क्षति के संबंध में उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान की फसल क्षतिग्रस्त हुई है, तो उसे बीमा योजना के तहत लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए पटवारी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और बीमा कंपनी से समन्वय कर किसानों को लाभ दिलाएं।

### सरेखा स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरेखा में गुरूवार को पर्यावरण संरक्षण और स्कूल में हरियाली लाने 30 पौधों का रोपण यूथ एवं इको क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अनिल कुमार श्रीवास्तव ने स्कूली छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण जिसमें जल संरक्षण स्कूल परिसर की पूर्ण स्वच्छता कचरो का उचित निपटारा एवं पानी निकासी स्कूल परिषर में निर्मित किचन गार्डन तक लाने एवं पर्यावरण के महत्व छात्राओं को बदलते हुए ग्रीन एम्बेसडर इको क्लब के बच्चों को आवश्यक तैयारी कर पूर्ण रूप से पौधों का संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का शपथ भी दिलाया गया। स्कूली बच्चों को कपड़े की थैली एवं पानी का बोतल वितरित कर सिंगल उसे प्लास्टिक और पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले तत्वों की रोकथाम पर आवश्यक जानकारी कार्यक्रम में दिया गया। कार्यक्रम में अविनाश कुमार चंद्रवंशी, श्रीमती सहिदन खान, श्रीमती नीता पटेल, राजेश पाण्डेय, गोपाल पटेल एवं श्रीमती रंजीत वर्मा ने आवश्यक दायित्व का निर्माण भी किया।

## पाण्डातराई में चावल उत्सव में हितग्राहियों को मिला एकमुश्त तीन माह का चावल



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर पंचातय पाण्डातराई स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में जनप्रतिनिधि के साथ चांवल उत्सव मनाया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के आवाहन पर 1 से 7 दिन तक प्रदेश भर में चांवल उत्सव मनाया जा रहा है, इस उत्सव के दौरान 81 लाख से अधिक राशन कार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त तीन महीने का चांवल एक मुश्त निःशुल्क वितरण किया जा रहा है, राज्य सरकार ने इस उद्देश्य में प्रदेश के 13928 उचित मूल्य की दुकानों को चांवल आवंटित कर दिया है। सभी दुकानों में भंडारण का काम तेजी से किया जा रहा है ताकि वितरण में किसी प्रकार के बाधा ना आए।

वहीं पाण्डातराई स्थित दोनों शासकीय उचित मूल्य की दुकान में सोसायटी समिति अध्यक्ष अजय गिरी गोस्वामी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिल सोनी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित थे। हितग्राहियों को तीन माह का चांवल वितरण कर चांवल उत्सव मनाया गया।

जिस पर समिति अध्यक्ष अजय गिरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए पात्र हितग्राहियों को राशन ले जाने में असुविधा न हो इसलिए तीन माह का चांवल एक मुफ्त वितरण किया जा रहा है। वहीं नपा उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा कि सभी पात्र राशनकार्डधारी हितग्राहियों को तीन माह का राशन स्वास्थ्य ढंग वितरण किया जा रहा है, यह पहला प्रदेश सरकार की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिस्पर्धा को दर्शाती है इसका उद्देश्य दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों तक समय पर खाद्यान्न की उपलब्धता करना है।

## हरीतिमा टीम जीवनदायिनी ऑक्सीजन के लिए जीवनदाता डॉक्टर्स का हरित संकल्प




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कवर्धा का जिला चिकित्सालय परिषर में एक नई उम्मीद और हरियाली की प्रेरणा का केंद्र बन गया। जहां रोजमर्रा जीवन बचाने में संलग्न डॉक्टरों ने इस बार धरती को जीवन देने का संकल्प लेते हुए पौधरोपण कर एक अनूठा संदेश दिया। इस अवसर पर हरीतिमा टीम के सहयोग से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में डॉक्टरों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में नई चेतना का संचार किया। इस आयोजन में कुल 11 छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए गए, जिनकी नियमित देखरेख सुनिश्चित की जाएगी। इस सत्र में इस परिषर में कुल 101 पौधों का लक्ष्य तय किया गया है, जो पूरे चिकित्सालय परिषर को हरित आभा से भर देगा। जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज ने कहा कि धरती को स्वस्थ रखने के लिए पौधे उतने ही जरूरी हैं, जितना मरीज के लिए ऑक्सीजन हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा मिल सके। इस प्रेरणादायक आयोजन में डॉ राज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ केशव ध्रुव सिविल सर्जन, डॉ सलील मिश्रा, डॉ जितेंद्र वर्मा, डॉ हर्षित, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीमती अभिलाषा पांडा, सुश्री रीना शर्मा, रामप्रसाद बघेल, कार्यकारिणी सदस्य, जीवन दीप समिति, राजेन्द्र सांखला, मोहन राजपूत समिति सदस्य, पवन जायसवाल नपाउपाध्यक्ष, पार्षदगण, डॉक्टर्स व अस्पताल स्टाफ एवं हरीतिमा टीम के सदस्य उपस्थित थें।

#### समाज को पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति किया जा रहा जागरूक

राजेन्द्र सांखला ने हरीतिमा टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ा रहा है, बल्कि समाज को पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति जागरूक भी कर रहा है। वहीं हरीतिमा टीम के समर्पित सदस्य गोलू ठाकुर ने भावनात्मक अपील की। पौधारोपण सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं, यह धरती, हवा और भविष्य से किया गया एक आजीवन वादा है। आइए हम सब भी इस संकल्प में भागीदार बनें। हरियाली सिर्फ पर्यावरण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन की सुरक्षा है। आइए हम सब मिलकर इस हरित यज्ञ में एक पौधा समर्पित करें।

### प्रकृति की सुंदरता ही जीवन की मधुरता हैः घुरूवाराम साहू



**हरिभूमि पिपरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस पर 05 जून को नगर पंचायत पिपरिया स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर, सर्व समाज मांगलिक भवन वार्ड क्रं.15 स्थित मैंदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम नपं अध्यक्ष घुरूवा राम साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर श्री साहू ने उद्बोधन में कहा कि प्रकृति की सुंदरता ही जीवन की मधुरता है, वर्तमान में वृक्षों की कटाई तेजी से होने तथा वृक्षारोपण नहीं करने से प्राकृतिक हल-चल, अकारण मौसम में परिवर्तन, प्रदूषण से विश्व में संपूर्ण मानव जीवन के साथ-साथ वन्य जीवों पर भी गहरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होने कहा कि पृथ्वी पर वृक्षों की लगातार हो रही कटाई से बेमौसम बारिश तथा भूमि हरियाली विहीन हो गई है, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रही है। प्रकृति की संरक्षण करने पर ही हमारे तथा वन्य जीवों को विकसित किया जा सकता है तथा पृथ्वी पर ऑक्सीजन मिलने से जीवित रह सकते हैं। उक्त अवसर पर शिवचरण पटेल, उपाध्यक्ष, पार्षद सोम पटेल, राजेन्द्र गुप्ता, कमलकांत नाविक, चित्रबाहू देवांगन, श्रीमती भारती राजेंद्र नाविक, श्रीमती नंदनी नंदा पाटिला, प्रेमलाल साहू, श्रीमती संध्या रविंद्र देवांगन, शत्रुहन साहू, श्रीमती अशलेखिया नरेश साहू, दुर्गेश साहू, योगेश्वर सिंह नेताम मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा निकाय के नियमित-प्लेसमेंट कर्मचारी गण उपस्थित थें।

### सारंगपुरकला में जिले का पहला प्लांट शुरू

## ग्रामीण क्षेत्रों में चार फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हुए जिले में मानव मल के सुरक्षित और वैज्ञानिक निपटान के लिए फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दिशा-निर्देशों के तहत संचालित हो रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का स्तर सुदृढ़ होगा और पर्यावरण को भी संरक्षित किया जा सकेगा। बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम सारंगपुरकला में जिले का पहला मानव मल के सुरक्षित और वैज्ञानिक निपटान के लिए फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट शुरू हो गया है। इसके आलावा जिले के सभी जनपदों में कवर्धा से दशरंगपुर, पंडरिया से कुण्डा, और सहसपुर लोहारा से राजपुर में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में सारंगपुरकला के साथ पंडरिया के कुण्डा में दो प्लांट पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं, कुण्डा में भी प्लांट संचालन की स्थिति में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक यह आम समस्या थी कि सेप्टिक टैंकों की समय-समय पर सफाई नहीं हो पाती थी और जब होती भी थी तो मल का निपटान खुले में या अनुचित स्थान पर किया जाता था, जिससे न केवल ग्रामीण वातावरण दूषित होता था बल्कि जनस्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। एफएस टीपी की स्थापना से इस समस्या का स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल समाधान मिल गया है। राज्य कार्यालय से एक डी-स्लज वाहन जनपद बोड़ला के ग्राम पंचायत सारंगपुरकला के लिए उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से जब किसी ग्रामीण का सेप्टिक टैंक भर जाता है, तो ग्राम पंचायत से संपर्क कर उसे खाली कराया जा सकता है। खाली किया गया मल सीधे तक पहुंचाया जाता है, जहां उसका सुरक्षित प्रसंस्करण किया जाता है। भविष्य में जब सभी प्रस्तावित एफएस टीपी पूर्ण हो जाएंगे, तब हर जनपद के लिए डी-स्लज वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे समूचे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को इसका लाभ प्राप्त हो सकेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जोरा मंदिर परिसर में पौधारोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरिया



भारतीय जैन संघटना, पर्यावरण संरक्षण समिति, जोरा मंदिर जीर्णोद्धार समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर जोरा मंदिर परिषर में पौधे लगाकर पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जैन संघटना के मनोज लुंकड़ राष्ट्रीय पदाधिकारी, विजय गंगवाल प्रदेश अध्यक्ष, विकास गोलछा राज्य जनरल सचिव, मानवेन्द्र दफ्तरी राज्य सचिव, अमित बरडिया कवर्धा अध्यक्ष, विकास सेठिया कवर्धा सचिव, प्रणय जैन पंडरिया अध्यक्ष, श्रेयांस जैन, श्रेयांस लोढ़ा, पीयूष जैन, सम्यक जैन, विवेक जैन महिला शाखा अध्यक्षा श्रीमती लीला देवी जैन, सचिव श्रीमती मधु जैन, नगीना देवी जैन, श्रीमती कांता लोढ़ा, श्रीमती ममता बंगानी जोरा मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संतोष जैन, विजय जायसवाल, राकेश शर्मा, हरीश जैन, दिलीप जैन, राजवंत सिंह, सत्येंद्र चौहान, टीकमचंद जैन, पर्यावरण संरक्षण समिति के मोहन राजपूत, अनुराग सिंह, राजीव श्रीवास्तव एवं सभी सदस्य उपस्थित थें। वृक्षारोपण कार्यक्रम में फलदार वृक्ष लगाने के साथ ही सभी पौधों की रक्षा का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण में मंदिर निर्माण समिति, पर्यावरण संरक्षण समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त हरीश जैन, प्रणय जैन द्वारा किया गया।